डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-235/DSMNRU/COE-40/TSM/MBBS/scrutiny/2020-21 दिनांक 09 .02.2021

स्क्रूटनी हेतु आवश्यक सूचना–द्वितीय

[MBBS-I, II & III Proff.-(Exam Sept.-Oct. 2020)]

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ की माह सितम्बर/अक्टूबर, 2020 में आयोजित एम0बी0बी0एस0 परीक्षा [MBBS-Examination-September,2020 for MBBS 1st Professional-Batch-2019-20, MBBS 2nd Professional-Batch-2017-18/2016-17 & MBBS 3rd Professional-Batch-2016-17] के माह दिसम्बर, 2020 तथा माह जनवरी, 2021 में निर्गत परीक्षाफल के दृष्टिगत् विश्वविद्यालय परीक्षा विनियम–2014 के बिन्दु संख्या–08 पर प्रदत्त व्यवस्थानुसार स्क्रूटनी **(Scrutiny)** कराये जाने के लिये पत्र संख्या सी.ओ.ई–205 दिनांक 22.01.2021 के द्वारा दिनांक 23 से 28.01.2021 तक ऑन लाइन आवेदन मॉगे गये थे। तत्क्रम में संस्था से 27 विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। परन्तु उन विद्यार्थियों, जिनके द्वारा स्क्रूटनी के लिये ऑन लाइन आवेदन भरा नहीं जा सका है, के अनुरोध के दृष्टिगत् उन्हे सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन भरना सुनिश्चित करें:–

1) विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये स्क्रूटनी **(Scrutiny) हेतु ऑन लाइन आवेदन दिनांक 10.02.2021 से दिनांक 13.02.2021 तक** भर सकते हैं। संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपनी संस्था में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2) विद्यार्थी स्क्रूटनी के लिये प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–मात्र प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क सहित पूर्ण एवं स्पष्ट ऑन लाइन आवेदन के जमा किये बिना स्क्रूटनी नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी तथा किसी भी दशा में शुल्क वापसी नहीं की जायेगी। अतएव आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें।

3) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु हेल्प लाइन नं0–8737036906 पर सम्पर्क करें।

4) **ऑनलाइन स्क्रूटनी आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देशः–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी रसीद की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

उपर्युक्तानुसार स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु ऑन लाइन आवेदन निर्धारित तिथि तक भरना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से भी उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड–कॉपी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) परीक्षणोपरान्त सूचीबद्ध विवरण सहित यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

09/2/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक